

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की ओर खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https:// dainikyashonnati. com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 91 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 12 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

## अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने मोहन यादव को दी बधाई



सिवनी यशोः- अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने मध्यप्रदेश में डां. मोहन यादव को मु यमंत्री पद की जि मेदारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये मोहन यादव को बधाई प्रेषित की है और भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त किया है ।

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष एवं विवेकानंद वार्ड के पार्षद राजेश राजू यादव ने डॉ. मोहन यादव को बधाई प्रेषित करते हुये कहा है कि उनके मु यमंत्री बनने से यादव समाज गौरांवित हुआ है । महासभा के जिलाध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि मोहन यादव मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ प्रदेश की यादव समाज जो प्रदेश में बड़ी सं या में है वह विकास की मु यधारा से पिछड़ी हुई उसे विकास की मु यधारा से जोड़ने के लिये नव नियुक्त मु यमंत्री माननीय मोहन यादव सार्थक प्रयास करें ऐसी अपेक्षाओं के साथ संपूर्ण भारत वर्षीय यादव महासभा जिला सिवनी उन्हें अनंत शुभकामनाएँ और मु यमंत्री बनने पर बधाई देती है ।

# मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव होंगे नये मुख्यमंत्री

## शिवराजसिंह चौहान ने रखा प्रस्ताव, डॉ. मोहन यादव चुने गए विधायक दल के नेता

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में हुई विधायक दल की बैठक

सिवनी यशोः- उज्जैन दक्षिण से हाल ही में निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ. मोहन यादव को पार्टी विधायक दल ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में अपना नेता चुन लिया है। उनके नाम का प्रस्ताव मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने किया, जिसका समर्थन पार्टी नेताओं ने किया।

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान पार्टी पर्यवेक्षक व हरियाणा के मु यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ, के लक्ष्मण, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव सुश्री आशा लाकड़ा



उपस्थित रहीं। बैठक के शुभारंभ के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों, बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं एवं नवनिर्वाचित विधायकों का स्वागत किया। इसके उपरांत केंद्रीय पर्यवेक्षक मनोहरलाल खट्टर ने बैठक की प्रस्तावना रखी। इस दौरान मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने विधायक डॉ. मोहन यादव का नाम विधायक दल के नेता के लिए प्रस्तावित किया। मु यमंत्री के इस प्रस्ताव का अनुमोदन वरिष्ठ नेता नरेंद्रसिंह तोमर, प्रहलाद पटेल कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह, वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव, तुलसी सिलावट ने किया। विधायक दल की सहमति पर डॉ.मोहन यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया गया।

### वरिष्ठ नेताओं ने किया स्वागत

विधायक दल का नेता निर्वाचित होने पर केंद्रीय पर्यवेक्षक मनोहरलाल खट्टर, मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया एवं बधाई दी।

### छोटे कार्यकर्ता को आपने जो जि मेदारी दी आपके आशीर्वाद से निभाऊंगाः डॉ. मोहन यादव

नव निर्वाचित विधायक दल के नेता डॉ. मोहन यादव ने उपस्थित विधायकों को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तथा उपस्थित विधायकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को जो जि मेदारी दी है, मैं उसके लायक नहीं हूं। लेकिन आप सभी के प्रेम और आशीर्वाद से उस जि मेदारी को पूरा करने का प्रयास करूंगा।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश जी, मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, हरियाणा के मु यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ, के लक्ष्मण, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव सुश्री आशा लाकड़ा, वरिष्ठ नेता व विधायक नरेंद्रसिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी मंचासीन रहे।

### नरेन्द्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष तथा राजेन्द्र शु ल एवं जगदीश देवड़ा उपमु यमंत्री होंगे


इसी के साथ ही यह भी घोषणा की गयी है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष होंगे तथा राजेन्द्र शु ल एवं जगदीश देवड़ा प्रदेश के उपमु यमंत्री बनाये जायेंगे ।

विधायक दल की बैठक में मोहन यादव को एमपी का नया सीएम चुन लिये जाने के पश्चात मध्यप्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल से मुलाकात कर मु यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

# एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी

## 5 फरवरी से 4 मार्च तक चलेंगी परीक्षाएं

सिवनी यशोः- एमपी बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 6 फरवरी से एग्जाम शुरू होंगे। आइए जानें किस **तारीख पर कौन से विषय की परीक्षा होगी...**



माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल में दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया है। यह टाइम टेबल नियमित और स्वाध्याय छात्रों के लिए है। इस टाइम टेबल के अनुसार दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 5 फरवरी से 28 फरवरी तक होनी है वहीं 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 6 फरवरी से 4 मार्च तक चलेंगी।

**कितने बजे तक मिलेगा छात्रों को परीक्षा हॉल में प्रवेश?**

परीक्षाओं का समय यथावत सुबह 9:00 बजे से 12:00 का रखा गया है। जिसके लिए छात्रों को 8 बजे पहुंचने की हिदायत दी गई है। परीक्षा पूर्ण होने से 15 मिनट निकलने के बाद यानी सुबह 08:45 के बाद किसी भी छात्र को परीक्षा हॉल में एंट्री नहीं दी जाएगी। छात्रों को हर हाल में सुबह 08:30 बजे तक परीक्षा हाल में उपस्थित होना होगा।

**या रहेगा 10वीं और 12वीं कक्षा का टाइम टेबल**

कक्षा 10 का पहला पेपर 5 फरवरी यानि सोमवार के दिन हिंदी का लिया जाना है वहीं आखरी पेपर 28 फरवरी को NSQF और AI का होगा। 12 वी की बात करें तो पहला पेपर 6 फरवरी को हिंदी का होगा तो वहीं आखरी पेपर 4 मार्च 2024 को कृषि और होम साइंस का होना तय किया गया है।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की कले टर ने की समीक्षा

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने सोमवार 11 दिस बर को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत समूह एवं एकल नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार, एसडीएम सिवनी सुश्री मेघा शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी तथा सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति थे।

कले टर श्री सिंघल ने आज दिनांक तक संचालित कार्यों की प्रगति एवं नवीन टेंडरों के संदर्भ में कार्यपालन यंत्री पीएचई से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये, उन्होंने ऐसे सभी कार्य जिनमें कार्यादेश उपरांत भी संबंधित ऐजेंसी द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है सभी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। उन्होंने विडियों कॉफ्रेंसिंग से जुडे सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को उनके क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता सत्यापन करने के लिए निर्देशित किया है। कले टर श्री सिंघल ने आंगनवाडी एवं स्कूलों में अभियान अंतर्गत किये गये नल-जल संबंधी कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी संबंधित विभाग प्रमुखों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग, जिला शिक्षा अधिकारी तथा कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को तीन दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

# प्रदेश के नये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित विधानसभा अध्यक्ष एवं दोनों उप मु यमंत्रियों को जिला भाजपा ने शुभकामनाएँ प्रेषित की

सिवनी यशोः- जुझारू व्यक्तित्व के धनी एवं जनसेवा के लिए सदा समर्पित डॉ. मोहन यादव प्रदेश के नये मु यमंत्री होंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की ओर से नवनिर्वाचित मु यमंत्री के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर व उपमु यमंत्री के रूप में पंडित राजेंद्र शु ला एवं जगदीश देवड़ा को संगठन द्वारा सोंपी गई इस नई जि मेदारी के लिए अपनी बधाइयां व शुभकामनाएं दी हैं।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने बधाई संदेश जारी करते हुए कहा गया है कि, भारतीय जनता पार्टी में विचारधारा के भाव से काम करने वाले व्यक्ति को जि मेदारी मिलती है। डॉ टर मोहन यादव लगातार 3 बार से दक्षिण उज्जैन से विधायक निर्वाचित हुए हैं वे वर्तमान सरकार मे उच्च शिक्षा मंत्री रहैं हैं अब संगठन ने उन्हें प्रदेश के मु यमंत्री की जि मेदारी सौंपी है।



श्री दुबे ने कहा कि, श्री यादव को प्रदेश के मु यमंत्री के साथ-साथ विधानसभा अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ नेता श्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा उपमु यमंत्री के रूप में पंडित राजेंद्र शु ला एवं जगदीश देवड़ा को चुने जाने पर सर्व समाज को ऊर्जा मिलेगी। उनके नेतृत्व में सत्ता और संगठन की ताकत मजबूती की ओर आगे बढ़ेगी। डॉ टर मोहन यादव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से काम करेंगे। मध्य प्रदेश में प्रचंड जीत मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वपूर्ण योजना महिला सशक्तिकरण के लिए बनाई गई लाडली बहनों को अधिक शक्ति प्रदान होगी हर व्यक्ति का विकास गरीब, मजदूर और किसान भाई भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होंगे।

श्री दुबे ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए मिशन 2024 लोकसभा चुनाव में भी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक बूथ केंद्र पर भाजपा की ताकत सुनामी में बदलेगी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के भाव को लेकर मु यमंत्री मोहन यादव प्रदेश की कल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएंगे।

# वृद्धाश्रम पहुंच वृद्धजनों के साथ मनाया जायेगा युवा संधि का स्थापना दिवस

सिवनी यशोः- जिला युवा संधि समाज सेवी संस्था का 23 वा स्थापना दिवस संस्था के स्वयंसेवकों के द्वारा 11 दिसंबर को वृद्धाश्रम पहुंच वृद्धजनों



के साथ समय व्यतीत कर मनाया जायेगा। इस दौरान वृद्धजनों को संस्था के सदस्यों द्वारा फल वितरित किये जायेगे। संस्था के जिला अध्यक्ष दिलीप नेमा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला युवा संधि समाज सेवी संस्था के द्वारा नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान सहित शासन के अन्य अभियानों में आमजन के बीच जागरूकता लाने के लिए रैली निकाला, पोस्टर बेनर लगाना और आमजनों से संपर्क कर उन्हे जागरूक करने का कार्य किया गया। इसके अलावा भी समय-समय पर शासन-प्रशासन के अनेकों स्वर्णिम कार्यो में भी सहयोग प्रदान करते रही है। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष स्थापना दिवस 11 दिसंबर को मनाया जाता है इस वर्ष स्थापना दिवस के अवसर पर 11 दिसंबर सोमवार को वृद्धाश्रम में पहुंचकर संस्था के स्वयंसेवकों के द्वारा वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत कर फलों का वितरण किया जायेगा। प्रातः 11 बजे संस्था के सभी स्वयंसेवकों से वृद्धाश्रम पहुंचकर स्थापना दिवस कार्यक्रम में सहभागी बन सामुहिक रूप से वृद्धजनों का आशीर्वाद लेने का आग्रह किया गया है।

# आयोध्या में भागवान श्रीराम का भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिये सिवनी पहुँचे अक्षत कलश

सिवनी यशोः-आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा होनी है. जिसके लिए देश के हर एक घर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनने के निमंत्रण दिया जाएगा. जिसके लिए देश भर में तैयारियां शुरू हो चुकी है. बीते दिनों अयोध्या धाम से सिवनी आए अक्षत कलश को जिले के हर खण्डों में भेजा जा चुका है ।



बीते दिवस तक अक्षत कलश सिवनी जिला मु यालय के मठ मंदिर में विश्राम के लिए रखा गया था । मठ मंदिर से शोभायात्रा के माध्यम से मठ मंदिर से दुर्गा चौक स्थित माँ राजराजेश्वरी मंदिर ले जाया गया. जहां पुजारियों द्वारा विधि विधान से पूजा उपरान्त सभी खण्डों के लिए रवाना किया गया।

### सिवनी में सर्व समाज द्वारा निमंत्रण के लिए एकत्रित किया गया अक्षत

सर्व समाज द्वारा बीते दिन से मठ मंदिर प्रांगण में सनातनियों को आगामी 1 जनवरी से निमंत्रण देने के लिए अक्षत एकत्रित किया गया. सर्व समाज द्वारा आज मठ मंदिर से दुर्गा चौक तक शोभा यात्रा निकालने से पूर्व मठ मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ, श्रीराम स्तुति का पाठ भजन कीर्तन भी किया गया। आगामी 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति द्वारा देश भर के हर एक घरों में जाकर 22 जनवरी को श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देंगे।

# भाजपा के नेताओं के यहाँ यो नहीं होती ईडी और सीबीआई की कार्यवाही - कांग्रेस

### भ्रष्टाचारियों को मंत्री बनाने की गारंटी-मोदी

सिवनी यशोः- जिला भाजपा ने राज्य सभा सांसद के यहाॅ इनकम टै स के छापे के बाद करोड़ो रूपय की बेनामी को लेकर सांसद का पुतला जलाया और कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाये। भाजपा के नेताओं को यह जानकारी बहुत अच्छे से है कि उनकी पार्टी के नेताओं के पास बेनामी स पत्ति है पिछले नौ साल में ईडी और सीबीआई और इनकम टै स ने भाजपा के एक भी बडे नेताओं के उपर कोई कार्यवाही नही की, भाजपा के कई नेताओं पर केश दर्ज है जो फाईलों में खोया हुआ है, विपक्ष के ऐसे कई नेता है जिनका इन संस्थाओं का डंडा सरकार के ईशारे पर चला, लेकिन जैसे ही वह नेता भाजपा में शामिल हुए जांच ऐजेंसियों की कार्यवाही रोक दी जाती है। 1. ''हेमंत बिस्वा सरमा'' कांग्रेस की तरूण गगोई की सरकार में मंत्री रहें शारदा चिटफंड घोटाले में सीबीआई ने इन्हें आरोपी बनाया था, सरमा पर आरोप था कि शारदा ग्रुप के डायरे टर से 20 लाख रूपय हर महिने लिये सरमा से अंतिम बार सीबीआई ने 27 नव बर 2014 को पूछताछ की थी, 2015 में सरमा ने भाजपा ज्वाईन कर ली सीबीआई ने हेमंत सरमा की फाईल बंद कर और भाजपा ने सरमा को असम का मु यमंत्री बना दिया। 2. ''शुभेंदु अधिकारी'' ममता सरकार में पश्चिम बंगाल के कद्धावर मंत्री रहें शुभेंदु अधिकारी से सीबीआई ने शारदा घोटाले में पूछताछ की जब तक वे त्रणमूल कांग्रेस में रहें तब तक जांच ऐजेंसी उन्हें परेशान करती रही, जैसे ही उन्होंने भाजपा ज्वाईन किया-सारे मामलो से उन्हें लीन चीट मिलना प्रारंभ हो गया, शुभेंदु अधिकारी को भाजपा ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा का नेताप्रतिपक्ष बना दिया। 3. ''जितेन्द्र तिवारी'' इन्हें भाजपा नेता बाबुल सुप्रीयो कोयला चोर और तस्कर कहा करते थे- भाजपा ज्वाईन करने के बाद सीबीआई ने इनके खिलाफ कार्यवाही बंद कर दी। 4. ''नारायण राणे'' शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे का आरोप है कि नारायण राणे को भी बीजेपी ने वाशिंग मशीन में डालकर पाकसाफ कर दिया। इन्हें भी केबीनेट मंत्री बना दिया गया, जिसे बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने आर्दश सोसायटी मामले में हेराफेरी करने का आरोप लगाया था। 5. ''बीएस येदियुरप्पा'' कर्नाटक में बीजेपी का चेहरा इस कारण कुर्सी छोड़नी पडी थी येदियुरप्पा पर 40 करोड़ रूपय लेकर अवैध उत्खन्न को शह देने का आरोप लगा था, लोकायुक्त ने इनके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। 6. ''प्रवीण डारेकर'' मुबई कॉपरेटिव बैक के 200 करोड़ रूपय के घोटाले का आरोपी बीजेपी में शामिल होते ही आर्थिक अपराध शाखा ने इन्हें लीन चीट दिया-भाजपा ने इन्हें उसी कॉपरेटिव बैंक सोसायटी का अध्यक्ष बना दिया। 7. ''हार्दिक पटेल'' पर राज-द्रोह का केश दर्ज किया गया इन्हें तड़ीपार भी रहना पड़ा हार्दिक पटेल पर 20 केश दर्ज किये गये-केश से बचने के लिए बीजेपी में शामिल होना पड़ा, वर्तमान में हार्दिक पटेल वीरमगाम से भाजपा विधायक है।

मोदी जी द्वारा महाराष्ट्र के अजीत पंवार को 70 हजार करोड़ के सिंचाई घोटाले का आरोपी बताया गया, मोदी जी उन्हें जेल भेजने की बात कर रहें थे-2 दिन बाद ही अजीत पंवार को भाजपा ज्वाईन करते ही महाराष्ट्र का उपमु यमंत्री बना दिया गया। भारतीय जनता पार्टी को अपना गिरेबान झांकना चाहिए कि भ्रष्टाचार और कालेधन के मामले में अनेक भाजपा नेता सर से पॉव तक डूबे हुये है लेकिन जांच ऐजेंसी कार्यवाही करेंगी सिर्फ विपक्ष के नेताओं पर।

दैनिक यशोन्नति की और खबरो के लिये https:// dainikyashonnati. com पर जायें

जबरन नॉलेज



# समदर्शी – वनवासी : घट घट वासी मेरे राम

कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल-

मेरे सियाराम मुझे स्मृतियों में जाने की अनुमति प्रदान कीजिए। मैं %सियाराममय% हो जाना चाहता हूँ। आपकी भक्ति में डूब जाना चाहता हूँ। प्रभु मैं आपका अनन्य सेवक चित्रकूट हूँ। मेरे राम जब आपने आश्रय के रूप में मुझे चुना। फिर आप आए। मैंने अपने भाग्य को मनाया। प्रभु मैंने आपके श्री चरणों में अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया और आपके आने पर मैं प्रसन्नता से झूम उठा। मगर उतनी ही तीव्र पीड़ा से व्याकुल भी हो उठा, लेकिन यह तो आपकी ही लीला है न ! इसीलिए तो वनवासी बनकर माता सीता, अनुज लक्ष्मण सङ्ग, वल्कल वेश धारण किए मेरे सियाराम आपके चरण कमल ने मुझ हतभागी को सेवा का सुअवसर प्रदान किया। मैं , जानता हूं कि - पावन अयोध्या और परिवार के विक्षोह की पीड़ा कितनी अधिक रही होगी। लेकिन रघुकुलभूषण राम आपने - पितृ आज्ञा को शिरोधार्य कर आदर्श प्रस्तुत करने के लिए वन की ओर दौड़े चले आए।

आप त्रैलोकी के स्वामी हैं प्रभु ! आपकी लीलाएं अनंत हैं - और उन्हीं लीलाओं को रचने के लिए ही तो - आपने मुझ दास को चुना। मैं धन्य हो गया प्रभु। मैं धन्य हो गया। मेरे निवास में रहने वाले सन्देश दूत - पशु पक्षी मुझे बतला रहे थे कि - मन्त्री सुमंत्र जब आपको विदा करने आए, तो उनके नेत्र सजल थे । समूची अयोध्या आपके विरह में व्याकुल हो गई थी। अयोध्यावासी आपके लिए अयोध्या छोड़ने को तत्पर हो गए। लेकिन जब आपने भलीभाँति समझाया बुझाया तो अपने राम की बातों को वे टाल न सके और भारी मन से सभी अयोध्या लौट गए।

प्रभु ! मैं जानता हूँ आप दीनानाथ हैं। आप सबके उध्दारक - तारणहार हैं। प्रभु वन आगमन के समय श्रृंगवेरपुर के राजा - निषाद राज गुह और आपके मध्य की मैत्री के सर्वोच्च आदर्श को भला कौन नहीं जानता है ? आपने निषादराज गुह का आतिथ्य अवश्य स्वीकार किया लेकिन दूसरी ओर आपने पितृ आज्ञा निभाते हुए - वनवासी के रूप में ही मित्र का मान रखा।आप जमीन पर सोये और आपने मैत्री भी निभाई। यह कितना अद्भुत और अनुपमेय था प्रभु। फिर इस प्रकार से आगे चलकर प्रभु! आपकी और निषाद राज गुह की मैत्री युगों - युगों की प्रेरणा बन गई है। मैं साक्षी हूं मेरे राम कि - मेरे ही तट पर बाबा गोस्वामी तुलसीदास ने %श्री रामचरितमानस% लिखा था। मुझे स्मरण है जब निषाद राज गुह के साथ आप गंगा पार उतरना चाहते थे। लेकिन उस समय केवट तो भक्ति विह्वल होकर आपके चरण पखारकर अपना उध्दार चाहता था। इसलिए उसने %अहल्या% उध्दार से लेकर भाँति- भाँति के प्रसंगों को सुनाते हुए आपसे मनुहार की। बाबा तुलसी ने तो केवट की अनन्य भक्ति को कुछ यूँ लिखा था-

**पद कमल धोइ चढ़ाइ नाव न नाथ उतराई चहौं।**
**मोहि राम राउरि आन दसरथसपथ सब साची कहौं॥**
**बरु तीर मारहुँ लखनु पै जब लगि न पाय पखारिहौं।**
**तब लगि न तुलसीदास नाथ कृपाल पारु उतारिहौं॥**

उस समय प्रभु आपने केवट का भी मान रखा तब केवट प्रसन्न हो गया और उसने पांव पखारते हुए आपको अपनी नाव से गंगाजी के पार उतारकर ले गया।

**पद पखारि जलु पान करि आपु सहित परिवार।**
**पितर पारु करि प्रभुहि पुनि मुदित गयउ लेइ पार॥**

तत्पश्चात प्रभु आपने निषाद राज गुह को भी वापस उनके राज्य भेज दिया। अश्रुजल बहाए निषाद अपने मित्र की आज्ञा मानकर चले गए। तदुपरान्त प्रयागराज में आप भरद्वाज



ऋषि से मिले और फिर उनसे भी निवास स्थान के विषय में पूँछकर आगे बढ़ चले। आप जिस पथ से पैदल यात्रा करते हुए जाते माता जानकी व अनुज लक्ष्मण संग सब आपको देखकर चकित ही रह जाते थे। सब आपके दर्शन पाकर धन्य होते जाते। प्रभु तत्पश्चात आप महर्षि वाल्मीकि के आश्रम गए जहां आपने उनका आशीर्वाद लिया और उनसे वनवास काल में अपना निवास स्थान बनाने की सलाह माँगी। प्रभु मैं तो तभी विह्वल हो गया था और मेरी प्रसन्नता का कोई ठिकाना नहीं रह गया। उस समय मेरे नेत्रों से प्रेमाश्रु बहने लग गए ,जब मुझे ज्ञात हुआ कि महर्षि वाल्मीकि ने आपके निवास के लिए मुझे चुना था। भक्त तुलसी ने तदन्तर आपके व महर्षि वाल्मीकि के प्रसंग को लिखा-

**चित्रकूट गिरि करहु निवासू। तहँ तु हार सब भाँति सुपासू॥**
**सैलु सुहावन कानन चारू। करि केहरि मृग बिहग बिहारू॥**
**नदी पुनीत पुरान बखानी। अत्रिप्रिया निज तप बल आनी॥**
**सुरसरि धार नाउँ मंदाकिनि। जो सब पातक पोतक डाकिनि॥**
**अत्रि आदि मुनिबर बहु बसहीं। करहिं जोग जप तप तन कसहीं॥**
**चलहु सफल श्रम सब कर करहू। राम देहु गौरव गिरिबरहू॥**

तत्पश्चात मेरे प्रभु ! राम आपके चरण कमल मुझ %चित्रकूट% के वक्ष पर पड़े। प्रभु ! आपके परम पावन चरणों का स्पर्श पाते ही मैं चैतन्य हो गया। मेरी प्रसन्नता का कोई ठिकाना न रह गया। हे ! मर्यादा पुरुषोत्तम राम आपने मुझे अवसर दिया कि - आपकी चरण रज से मेरा जीवन पुलकित हो जाए। मेरा कण-कण पावन हो जाए।

सचमुच में लीलाधारी मेरे राम मैं धन्य हो गया - जो आपने मुझे अपना आश्रय बनाया। मैं साक्षी हूं प्रभु कि - आपके आगमन के साथ ही मेरा समूचा परिवार आपके चिंतन और आपके दर्शन में डूब गया। देवता, यक्ष , किन्नर , गन्धर्व, ऋषि मुनियों का यहां तांता लग गया। सब आपके दर्शन के लिए आने लगे। इतना ही नहीं प्रभु आपकी लीला देखने के लिए देवतागण वनवासियो - कोल, किरात, भीलों के रुप/ वेश धरकर आने लगे। तुलसीदास जी ने इसका भी विस्तार से वर्णन किया है-

**कोल किरात बेष सब आए। रचे परन तृन सदन सुहाए॥**
**बरनि न जाहिं मंजु दुइ साला। एक ललित लघु एक बिसाला॥**

अर्थात् - सब देवता कोल-भीलों के वेष में आए और उन्होंने (दिव्य) पत्तों और घासों के सुंदर घर बना दिए। दो ऐसी सुंदर कुटिया बनाई जिनका वर्णन नहीं हो सकता। उनमें एक बड़ी सुंदर छोटी सी थी और दूसरी बड़ी थी।

प्रभु ! आपके आने से मैं धन्य हो गया। मेरा समूचा स्वरूप %सियाराम मय सब जग जानी % उच्चारने लगा। आपकी पर्णकुटी स्वर्ग से बढ़कर हो चुकी थी।जल- थल - नभ सब प्रभु आपकी भक्ति में डूब गए। मेरे आश्रय में रहने वाले वनवासी - कोल, भील, किरात सब आपके अपार प्रेम को पाकर धन्य हो उठे। सबने आपकी सेवा के जतन किए और आपकी भक्ति में रम गए। प्रभु आप सचमुच में मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। आपने उनके प्रेम को अप्रतिम वात्सल्यता के साथ निभाया है मेरे राम। इसीलिए तो बाबा तुलसीदास ने लिखा था-

**रामहि केवल प्रेमु पिआरा। जानि लेउ जो जान निहारा॥**
**राम सकल बनचर तब तोषे। कहि मृदु बचन प्रेम परिपोषे॥**

प्रभु, आपके निवास करने से मैं हतभागी धन्य हो उठा। मेरा समूचा अंचल आपकी भक्ति से पुलकित हो उठा। फिर जब आपके अनुज राजा भरत आपको वापस अयोध्या ले चलने के लिए आए। उस समय प्रभु आपने भरत को धर्म और राजधर्म की गूढ़ शिक्षा दी। उन्हें धर्माज्ञा - पितृ आज्ञा का महत्तम संदेश दिया। इस प्रकार फिर भरत आपकी खड़ाऊँ को शीश पर रखकर । आपकी खड़ाऊं को सिंहासन आरुढ़ कराने का संकल्प लेकर चले गए। प्रभु मैंने भ्रातृप्रेम की उस अविरल धारा को जिस ढंग से अनुभूत किया है उसका वर्णन कर पाने में असमर्थ हूं। उस समय प्रेमाश्रुओं की धार से वहाँ उपस्थित सभी जन विह्वल हो चले थे। इस प्रकार आगे चलकर प्रभु आप मुझ चित्रकूट में ही रम गए। मेरा मन्दाकिनी तट आपको पाकर धन्य हुआ। मेरा कण कण धर्ममय होने लगा। राक्षसी आतंक और उत्पात यहां से समाप्त होने लगा। ऋषि मुनि निर्भय होकर यज्ञ और अनुष्ठान स पन्न करने लग गए।

आगे के क्रम में जब दुष्ट रावण ने माता सीता का साधु के छद्मवेश में %पंचवटी% से हरण किया तो पृथ्वी सुता जानकी के शोक से हम सभी आपके हृदय की दुखाग्नि से एकाकार हो गए। उस समय जब यह ज्ञात हुआ तो हम सबके हृदय में पीड़ा का ज्वालामुखी उत्पन्न हो चुका था। सबके नेत्रोन्मीलित हो गए। मेरे राम और सीता का यह विलाप हम सबके लिए असह्य वेदनामय था।

शोक में व्याकुल मेरे राम - आप माता सीता की खोज में , वन के कोने - कोने में भटकने लगे। माता की खोज में चलते चलते भक्त जटायु से आपकी भेंट हुई। और रावण के प्रहार से चोटिल गिध्दराज जटायु का आपने उध्दार किया। फिर आगे शापित कबंध को मुक्ति दी। मेरे राम आप अपनी पीड़ा में भी सबके तारणहार बनकर आए। आपकी महानता मैं कैसे बखानूं? प्रभु आप वही हैं जिन्होंने - मतंग मुनि की शिष्या - भक्ति एवं शक्ति की पर्याय - भीलनी माता शबरी के आश्रम गए। उन्हें दर्शन दिया। उनके आदर प्रेम को स्वीकार करते हुए कंदमूल फल को प्रेम सहित खाया -

**कंद मूल फल सुरस अति दिए राम कहुँ आनि।**
**प्रेम सहित प्रभु खाए बारंबार बखानि ।**

तत्पश्चात प्रभु आपने माता शबरी को %नवधा भक्ति % का उपदेश दिया। आपके दर्शन पाकर भीलनी माता शबरी नश्वर देह को त्यागकर दिव्य देह धारण कर परम् तत्व में विलीन हो गई। आपके प्रेम की कथाएं तो अनन्त हैं मेरे राम। आपने तो भाव - विह्वल वात्सल्य की प्रतिमूर्ति माता शबरी के जूठे बेरों को भी प्रेमपूर्वक चखा। भक्त - भक्ति और परमात्मा के ऐसे पावन स्वरूप का ऐसा अनुपमेय उदाहरण भला और कहां मिल सकता है? मेरे राम फिर आप माता सीता की खोज में आगे बढ़ चले। कपिराज सुग्रीव से मैत्री की। रुद्रावतार हनुमंत लाल से मिले। बाली उध्दार किया। तत्पश्चात रावण के अत्याचारों से पृथ्वी को मुक्ति दिलाई। रावण के राक्षसी अनाचारों का अंत किया। और राक्षस विहीन धरती की। भक्त विभीषण को लंकाधिपति बनाया । अयोध्यावासियों की प्रतीक्षा का अंत करने के उद्देश्य से प्रभु आपने - माता और मातृभूमि की महान महिमा बतलाई थी -

**अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते।**
**जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी॥**

फिर मुझे यह भी ज्ञात है कि अपने अनुज भरत के %प्रण% और प्रतिज्ञा का मान रखने के लिए पुष्पक विमान से अयोध्या वापस लौटे और राम राज्य को स्थापित किया। प्रभु ! आपके भक्त तुलसी ने %रामराज्य% को कुछ यूँ बखाना है-

**दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा॥**
**सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती॥**

मेरे प्रभु सियाराम आपने मनुज रुप धरकर जीवन की मर्यादा सिखाई। और मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में भारतवर्ष में धर्म की संस्थापना की। प्रभु आपका चरित युगों - युगों की प्रेरणा बनकर उपस्थित है। आपने वनवासियों को अपना मित्र बनाया। आपने किसी राजा की शक्ति की सहायता नहीं ली, बल्कि गिरि - कन्दराओं, वनों में निवास करने वाले वनवासियों, वानर - भालू, रीछ आदि की सेना बनाई। और रावण के अधर्म का अंत कर - पृथ्वी को अत्याचार से मुक्ति दिलाई। मेरे राम आप ने तो प्रत्येक दुखियारे को अपनाया और हर दीन - हीन ,वंचित - पीड़ित, उपेक्षित सबको गले लगाया। प्रभु आपशे अपने प्रेम एवं वात्सल्य से सभी को अभिभूत कर दिया । मेरे राम आपने अपने भक्तों के साथ कभी भी - कोई भेदभाव नहीं किया।

आप सर्वस्पर्शी - समदर्शी - सबके हृदय में बसने वाले राम हैं। हे ! राम - मेरे राम - सबके राम - मर्यादा पुरुषोत्तम राम - भक्त वत्सल रघुकुल भूषण राम। कण-कण में व्याप्त राम , घट घट वासी मेरे राम आपकी दिव्य ज्योति - सर्वदा - सर्वदा आदर्श का मार्ग दिखलाएगी। प्रभु आपने अपने वनवास की साढ़े ग्यारह वर्ष की अवधि में मेरे कण- कण को पवित्र कर दिया है। आपकी चरण रज से मैं भी यशस्वी हो गया। मेरे राम - सबके राम मैं कितना सौभाग्यशाली हूँ- जो आपके कारण अमरत्व को प्राप्त हो गया। अन्यथा हे ! राम मुझे कौन जानता ? हे ! मर्यादा पुरुषोत्तम - आपकी लीला भूमि का सहभागी बनकर - मैं धन्य धन्य हो गया।

## 40 से अधिक प्रकोष्ठ भी नहीं आए कांग्रेस के काम, बांटे गए सैंकड़ों पद भी रहे बेअसर



भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस के 40 से अधिक प्रकोष्ठ और बांटे गए 500 से अधिक पद भी विधानसभा चुनाव में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने नए प्रकोष्ठों की झड़ी लगा दी थी कांग्रेस ने अपने पार्टी संविधान से अलग हटकर करीब 40 से अधिक प्रकोष्ठ बनाये हैं। इतना ही नहीं इनमें अध्यक्ष, संयोजक और कार्यकारी अध्यक्ष जैसे पदों पर थोकबंद नियुक्तियां भी की गई थीं। लेकिन ये सभी प्रकोष्ठ चुनाव में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए। वहीं चुनाव से पहले कांग्रेस ने सचिव, महासचिव और उपाध्यक्ष जैसे 500 से अधिक पदाधिकारी भी बनाए थे लेकिन वे भी चुनाव में पूरी तरह से बेअसर साबित हुए।

**इनका किया गया था गठन**

कांग्रेस ने हर वर्ग को साधने के लिए प्रकोष्ठ का सहारा लिया था। इसके लिए पार्टी ने पुजारी से लेकर मेकेनिक जेसे प्रकोष्ठ का गठन किया था। इसके साथ ही आउटसोर्स, शिक्षक, केश शिल्पी, डॉ टर, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सद्भावना कोमी एकता और परिवहन जेसे कई अन्य प्रकोष्ठ भी बनाए गए थे। कांग्रेस कार्यालय में लगातार अलग-अलग प्रकोष्ठ और विभागों के स मेलन भी किए थे। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ खुद इन्हें संबोधित करते थे।

**इतनी है सं या**

कांग्रेस की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार कांग्रेस में वर्तमान में 105 महासचिव हैं। जबकि उपाध्यक्षों की सं या 50 है। वहीं सचिवों को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। इसके साथ ही वेबसाइट पर 34 प्रकोष्ठ की जानकारी भी दी गई है। जबकि बताया जाता है कि कांग्रेस में इससे कहीं अधिक पदाधिकारी हैं। जिनकी नियुक्ति चुनाव के समय और उसके पहले की गई है। कांग्रेस में चार विभाग भी हैं। कांग्रेस में 64 जिला अध्यक्ष और 69 जिला प्रभारी भी हैं।

## नवरात्र की तरह मनेगी चंपा षष्ठी, छह दिन व्रत रख करेंगे आराधना

**महाराष्ट्रीयन समाज में मनेगा उत्सव, मंदिरों में होंगे आयोजन**

**आराध्य देव खंडोबा बाबा की विशेष पूजा आराधना की जाएगी**

**छह दिन यह उत्सव नवरात्र की तरह मनाया जाता है**

भोपाल। महाराष्ट्रीयन समाज में मार्गशीर्ष शु ल पक्ष के प्रथम दिवस 13 दिसंबर से 18 दिसंबर तक मल्हारी मार्तंड का खंडोबा उत्सव मनेगा। छह दिन यह उत्सव नवरात्र की तरह मनाया जाता है। कई लोग पूरे छह दिन व्रत रखने के साथ ही पूजा-अनुष्ठान से जुड़े अनेक नियमों का पालन व विभिन्न प्रकार की साधनाएं करते हैं। विशेष बात यह कि उत्सव के दौरान समाज के मंदिरों के अलावा आराध्य देव खंडोबा



बाबा की विशेष पूजा आराधना की जाएगी। उनकी प्रतिमा पर हल्दी उड़ाने की रस्म के साथ हवन-पूजन के बाद भंडारा होगा। इसमें खंडोबा, जिन्हें मल्हारी मार्तंड भी कहते हैं, को बैंगन, बाजरे की रोटी, पूरन पोली, मालपुए और विभिन्न मराठी व्यंजनों का भोग लगेगा। इन्हें भगवान शिव का रूप माना जाता है।

**स्कंद षष्ठी भी कहा जाता इस पर्व को**

चंपा षष्ठी को बैंगन और स्कंद षष्ठी भी कहा जाता है। भगवान को बैंगन का भोग लगाया जाता है। दक्षिण भारतीय लोग इस दिन कार्तिकेय की पूजा करते हैं। समाज के लोग मल्हारी मार्तंड को भगवान शिव का स्वरूप मानते हैं। पौराणिक मान्यता है कि भगवान शिव ने मल्हारी मार्तंड का रूप धारण कर मणि मल्ल नामक राक्षस का वध किया था।

## इंदौर से उज्जैन के बीच चलेगी आठ कोच की हाई स्पीड वंदे मेट्रो

उज्जैन। सिंहस्थ से पहले इंदौर में वंदे मेट्रो का संचालन होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस ट्रेन की मंजूरी दी है। हाईस्पीड ट्रेन के लिए पटरियों में कुछ बदलाव भी होगा। यह ट्रेन वंदे भारत ऐ सप्रेस की कम दूरी का वर्जन है, जो 100 किलोमीटर से कम दूरी वाले शहरों में चलेगी। पहली ट्रेन वाराणसी को मिली है और दूसरी ट्रेन की घोषणा इंदौर के लिए हुई है। अगले साल तक इस ट्रेन का संचालन शुरू हो सकता है।



सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि वंदे भाारत ट्रेन की सौगात के बाद इंदौर को वंदे मेट्रो ट्रेन मिली है।यह दिन भर में पांच से छह फेरे लगाएगी और 30 से 40 मिनट में इंदौर से उज्जैन पहुंच जाएगी।

इस ट्रेन के संचालन से इंदौर से उज्जैन जाने वाले कर्मचारी, छात्रों को काफी फायदा होगा। इसके अलावा 2028 में लगने वाले सिंहस्थ मेले के समय भी यह ट्रेन यात्रियों के लिए मददगार साबित होगी।

इस ट्रेन का किराया कितना होगा, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हुआ है। आपको बता दें कि मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो के संचालन की घोषणा कर चुके है और इसका सर्वे भी होने वाला है। मेट्रो ट्रेन इंदौर उज्जैन रोड के समानांनतर ही चलेगी। पूर्व में शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन का स्टापेज भी उज्जैन में है।

**यह होगा संचालन से फायदा**

-वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ के आयोजन को ध्यान में रखकर इस ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

## महाकाल दर्शन करने आए परिवार को बदमाशों ने बनाया शिकार

इंदौर। इंदौर डीआरपी लाइन में रहने वाली महिला पुलिसकर्मी के पिता शंकरलाल राठौर चार पहिया वाहन में परिवार के साथ महाकाल दर्शन करने आये थे। शाम को दर्शन करने के बाद परिवार कार्तिक मेला देखने पहुंचा, जहां से रामघाट पर आया। परिवार के सदस्य सोने चले गये। शंकरलाल गाड़ी में बैठकर खाना खा रहे थे। उसी दौरान तीन बदमाश आये और उन्हे गाड़ी से उतारने के बाद मारपीट शुरू कर दी।

**शिकायत दर्ज कराने पहुंचे थाने**

बता दें कि शंकरलाल कुछ समझ पाते, तब तक बदमाश उनका मोबाइल लूटकर भाग निकले। घटना के बाद वह महाकाल थाने शिकायत दर्ज कराने पहुंचे, जहां पुलिस 2 घंटे तक टालमटौल करती रही, उसके बाद आवेदन लेकर जांच का आश्वासन दे दिया। शंकरलाल को मारपीट में चोंट लगने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। रामघाट, महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ आये दिन ऐसी वारदात होती है,

## विद्या भारती के 1500 कार्यकर्ताओं का महाकुंभ 12 जनवरी से शुरू होगा

भोपाल । विद्या भारती मध्य भारत प्रांत का प्रांतीय समिति समागम 12 से 14 जनवरी तक रखा गया है। नीलबड़ रोड शारदा विहार आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विद्यालय में रविवार को एक बैठक रखी गई। इसमें मध्य भारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी ने कहा कि इस समिति समागम में पूरे प्रांत के विद्यालयों को संचालित करने वाली समिति के पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य आमंत्रित रहेंगे।



प्रांत में 170 समिति विद्यालयों का संचालन करती हैं जिससे 1500 समिति पदाधिकारी स मिलित होंगे। प्रांतीय समिति समागम शिविर की सफलता की दृष्टि से कुछ चरणबद्ध कार्यक्रम तय किए गए। इसके अंतर्गत सितंबर-अ टूबर माह में जिला समिति स मेलन,नवंबर में विभाग टोली बैठक,दिसंबर में साधारण सभा, प्रबंध समिति कार्यशाला एवं सचिव प्राचार्य बैठक तय की गई। विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में पिछले 72 वर्ष से कार्य कर रही है। शैक्षिक उन्नति, कार्यकर्ता विकास एवं शिक्षा को समाज उपयोगी बनाने की दृष्टि से वर्षभर चलने वाले कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान देता है। इन्हीं कार्यकर्ताओं के विकास की दृष्टि से विद्या भारती मध्य भारत प्रांत यह कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिसमें 170 विद्यालय संचालन समितियों से 1500 समिति पदाधिकारी उपस्थित होंगे।

**जैन मंदिर तुलसी नगर में पांच दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू**

शहर के तुलसी नगर श्वेतांबर जैन मंदिर में पांच दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव सोमवार से शुरू हो रहा है। इसमें नई मूर्तियों की प्रतिष्ठा, नाकोड़ा भैरवजी, घंटाकर्ण महावीर के मूर्ति के स्थान परिवर्तन के समस्त कार्य होने जा रहे हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कोठारी ने बताया श्रीसंघ की संस्थापिका साध्वी अमितगुणा के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से होगा। मंदिर को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा के साथ सजाया गया है। अनुष्ठान को लेकर संपूर्ण समाज में विशेष उत्साह व्याप्त है। पहले दिन मूल नायक भगवान आदिनाथ की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा।

## महाकाल मंदिर में सहायक प्रशासक की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, 4 लाख 50 हजार की लगाई चपत

उज्जैन। नीलगंगा थाना एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि विनिता पति रजनीश गुप्ता 40 वर्ष निवासी शास्त्रीनगर 2021 तक महाकाल मंदिर में महिला सुरक्षाकर्मी का काम करती थी। जहां उसकी पहचान शुभम पिता मनीष गुप्ता 28 वर्ष निवासी यादवनगर थाना चिमनगंज से हुई थी। नौकरी छोड़ने के बाद वर्ष 2022 मई में शुभम गुप्ता ने विनिता से संपर्क किया और सहायक प्रशासक के साथ अन्य किसी भी विभाग में सरकारी नौकरी दिलवाने का झांसा दिया।

**पीड़िता ने दर्ज कराई शिकायत**

जिसके बाद विनिता उसकी बातों में आ गई और फरवरी 2023 तक उसे नौकरी के नाम पर 4 लाख 50 हजार रूपये दे बैठी। सालभर में नौकरी नहीं मिलने पर विनिता ने नौकरी के नाम पर दिये रूपये लौटाने को कहा। शुभम गुप्ता आनाकानी करने लगा। विनिता को अपने साथ धोखाधड़ी होने का अहसास होते ही उसने शिकायत दर्ज कराने की बात कहीं तो शुभम ने उसे श्रम प्रकोष्ट विभाग का फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर मोबाइल पर भेज दिया। लेकिन तब तक विनिता शुभम की चाल समझ चुकी थी।

**आरोपी हिरासत में**

उसने मामले की शिकायत आवेदन सौंपकर पुलिस को दर्ज कराई। जांच के बाद मामले में पुलिस ने शुभम के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। सूत्र बता रहे है कि शनिवार रात पुलिस ने शुभम को हिरासत में ले लिया था, जिससे पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि आज मामले का खुलासा कर उसे न्यायालय में पेश किया जा सकता है।

# प्रारूप मतदान केन्द्र की सूची का किया गया प्रकाशन

**दावा-आपत्ति आमंत्रित**

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्र क्रमांक 23/2023-श्वऋस्(ङ्क्ष्श.द्धद्ध) दिनांक 05 दिस बर 2023 एवं मु य निर्वाचन पदाधिकारी म0प्र0 भोपाल के पत्र क्रं.15971 भोपाल दिनांक 06 दिस बर 2023 के अनुसार 01 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अनुसार मतदान केन्द्रों की पुर्नव्यवस्था एवं गठन की कार्यवाही 20 दिस बर 2023 से 05 जनवरी 2024 तक की जाना है एवं मतदान केन्द्रों व मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2024 को किया जायेगा एवं अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी 2024 को किया जयेगा।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में प्रारूप मतदान केन्द्र की सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। प्रारूप मतदान केन्द्र की सूची संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 114-बरघाट, 115-सिवनी, 116-केवलारी, 117-लखनादौन के कार्यालय एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है यदि उक्त मतदान केन्द्र सूची में किसी को आपत्ति/आक्षेप हो अथवा कोई सुझाव/प्रस्ताव हो तो वह 07 दिवस के भातर अपना लिखित आवेदन संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रेषित कर सकता है जिससे समयावधि में उक्त प्रस्ताव पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकें। समयावधि के प्रश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

# कले टर ने सीएम हेल्प लाइन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**समय सीमा बैठक संपन्न**

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 11 दिस बर को आयोजित हुई समय सीमा बैठक में कले टर श्री सिंघल द्वारा समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, सीएम हेल्प लाइन सहित विभागवार विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। श्री सिंघल द्वारा अधिकारियों को निर्देशित कियागया कि विधानसभा निर्वाचन की आचार संहिता अवधि के दौरान लंबित सभी कार्य पुनः प्रारंभ किये जाये, आवश?यक विकास कार्यों की निविदा आदि कार्यवाही करते हुए सभी नवीन कार्य तय समय सीमा में प्रारंभ किये जाये। उन्होने हितग्राही मूलक विभागों के अधिकारियों को भी योजनावार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।



कले टर श्री सिंघल द्वारा सीएम हेल्प लाईन में दर्ज प्रकरणों केत्वरित निराकरण के लिए विभाग प्रमुखों को स्वयं शिकायतकर्ता से चर्चा करने के निर्देश दिये। उन्होंने लंबित शिकायतों के लिए प्रतिदिन लक्ष्य बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक अधिकारी को निर्देशित किया है। कले टर श्री सिंघल ने बैठक में उपस्थित जिला परिवहन अधिकारी को अभियान चलाकर बिना वैध परमिट आवागमन करने वाले तथा प्रेसर हॉर्न वाले वाहनों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, इसके साथ - साथ चिन्हांकित स्थानों के अनियंत्र कहीं भी खडी पायी जाने वाली बसों पर भी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

कले टर श्री सिंघल ने अधिकारियों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के संदर्भ में भी चर्चा की। उन्होंने सभी एसडीएम, सीईओ जनपद तथा सीएमओ को यात्रा अंतर्गत प्राप्त प्रचार वाहनों के लिए ग्रामवार-वार्डवार रूट निर्धारित करने के निर्देश दिये तथा यात्रा का मैदानी स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुये योजना के लाभ से छूटे हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्यवाही करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये गये हैं। बैठक में कले टर श्री सिंघल ने खाद्यान्न वितरण, खाद-बीज भण्डारण, सीखो कमाओ योजना की प्रगति सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई का कल होगा आयोजन

**सिवनी यशोः- प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई मंगलवार 12 दिस बर से पुन: प्रार भ होगी। कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला अधिकारी जनसुनवाई के दौरान कले ट्रेट सभाकक्ष में अनिवार्यता उपस्थित रहेगें तथा जनसुनवाई में आने वाले अपने विभाग से स बंधित आवेदनों एवं शिकायतों का निराकरण करेंगे।**

# जिले के ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

## भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ हितग्राहियों को किया जायेगा लाभान्वित

सिवनी यशोः- भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने, नागरिकों को हितग्राहीमूलक योजनाओं में उपलब्ध कराये गये लाभों और विभिन्न सुविधाओं को लोगों के साथ साझा करते हुये उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस यात्रा के लिये कुल 9 प्रचार रथों के माध्यम से जिले के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा । साथ ही योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही अपने अनुभवों को साझा करते हुये लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित करेंगे। यात्रा के दौरान योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत लाभों से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के साथ ही पात्र हितग्राहियों के नये प्रकरण तैयार कर उन्हें भी लाभान्वित किया जायेगा। अभियान की सफलता तथा अभियान के दौरान अधिकतम पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कले टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है तथा शीघ्र ही यह यात्रा प्रारंभ होगी और आगामी 26 जनवरी तक चलेगी ।

कले टर श्री सिंघल ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों के लिये भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को शामिल किया गया है जिनका लाभ हितग्राहियों को मिलेगा । इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान स मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएस-उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को स मिलित किया गया है।

# एक दिवसीय अप्रेन्टिसशिप मेला 18 को

सिवनी यशोः- शासकीय आईटीआई सिवनी प्राचार्य द्वारा बताया गया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सिवनी में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 18 दिस बर 2023 को प्रातः 10 बजे से किया जाना है। उक्त मेले में एन. एस. सर्विस इंदौर द्वारा कुल 150 अ यर्थियों का चयन किया जायेगा। चयन के लिए किसी भी व्यवसाय में आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीर्ण होना शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है। मेले में 18 से 27 वर्ष आयु के पुरूष अ यर्थी स मिलित हो सकेंगे। वेतन 16800 रूपये प्रतिमाह होगी।

मेले में शामिल होने के लिए इच्छुक अ यर्थियों को निर्धारित स्थान एवं समय पर अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा, रिज्यूम के साथ उपस्थिति होना होगा। अप्रेन्टिसशिप हेतु भर्ती, अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों के शर्तों अनुसार की जाएगी। प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला में प्रतिभागिता हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। ऑनलाइन पंजीयन लिंक https://forms.gle/nwHQJCyTnSkPrjv&z पर समस्त पात्र आवेदक पंजीयन कर सकते है।

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र पर आदिवासी जमीन घोटाला

जबलपुर। ईओडब्ल्यू विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खिरवा निवासी विमला बाई तथा उसका बेटा नरेश जो गाम रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ है। उन्होंने फर्जी जाति सर्टिफिकेट के आधार पर आदिवासियों की जमीन खरीदी है। शिकायत की जांच में पाया गया कि आदिवासी जमीन खरीदने के लिए कूटरचित जाति सर्टिफिकेट पेश किया था।दोनों के नाम पर सर्टिफिकेट अनुविभागीय अधिकारी तहसील दमोह से मार्च 2021 में जारी हुआ था। उन्हें गाम चौपराखुद जिला दमोह का निवासी बताया गया। सर्टिफिकेट में अनुविभागीय अधिकारी के रूप में राकेश कुशरे के हस्ताक्षर थे। जांच में पाया गया

# एक दिवसीय रोजगार मेला आईटीआई लखनादौन में 12 दिस बर को

सिवनी यशोः- जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय सिवनी एवं आई टी आई लखनादौन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 12 दिस बर 2023 को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई टी आई लखनादौन जिला सिवनी में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव / जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें एल एंड टी कंपनी लखनादौन जिला सिवनी द्वारा ट्रेड- फार्मवर्क कारपेंटर, बार बेंडर एवं मेंशन के पद पर साक्षात्कार से भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। आयु सीमा 18 से 34 वर्ष के बीच के इच्छु?क पुरूष आवेदक जो न्यूनतम 5वीं, 8वीं एवं आई टी आई उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर जॉब फेयर में उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 8889900085 पर स पर्क कर सकते हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी रजनीश ने जन आभार यात्रा निकाली

छपारा यशोः- छपारा केवलारी विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने विधानसभा क्षेत्र केवलारी से प्रचण्ड बहुमतों से विजय होने पर समस्त मतदाताओं बंधुओं के आभार हेतु विशाल जन आभार यात्रा निकाली जन आभार यात्रा में आज ग्राम भसूड़ा पिपरिया, साजपानी,धनौरा, कुडारी का दौरा किया। जन आभार यात्रा दौरा कार्यक्रम के दौरान



विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी का जगह जगह मंगल कलश एवं फूल माला से भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने विधान सभा क्षेत्र के सभी मतदाता बंधुओं से मुलाकात कर बधाई एवं आशीर्वाद प्राप्त किया व विजयश्री दिलवाने में सहयोग करने के लिए सभी को ह्रदय से धन्यवाद दिया एवं समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर साथ ही जिला/ब्लॉक /मंडलम/से टर/बूथ कांग्रेस कमेटी,युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं सभी प्रकोष्ठ पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं समेत समस्त वरिष्ठ जनों को उपास्थित रही।

# उप निर्वाचन से संबंधित नगरीय एवं पंचायत क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील

भोपाल । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों और पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है। उप निर्वाचन का कार्यक्रम 6 दिस बर को घोषित किया गया है।


सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों में भोपाल के वार्ड 41, कटनी के 9, 36, खण्डवा के 41, रतलाम के 31, सीहोर के 6, धनपुरी के 28, सारणी के 14, करेली के 5, श्योपुर के 3, विजयपुर के 4, मानपुर के 2, पटेरा के 14, ब हनी बेंजर के 5, खुजनेर के 3, सतवास के 4, न्यू रामनगर के 2, 11, डही के 5 एवं 12 और माण्डव के वार्ड 9 में उप निर्वाचन प्रस्तावित हैं।

नगरीय निकायों में मतगणना दिनांक 9 जनवरी और पंचायतों में 11 जनवरी तक आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील रहेगी।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का 13 जनवरी से प्रशिक्षण

इंदौर। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। जिले में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। जिले में एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाना है।

हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सं या अधिक रहने से लंबी कतारें लगी रही और कई लोग ल बे इंतजार के चलते बिना वोट डाले भी लौट आए। इसलिए अब लोकसभा चुनाव में



मतदाताओं की सं या केन्द्रवार कम करने के साथ ही केन्द्रों की सं या भी बढ़ाई जाएगी। लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम भी शुरू होगा।

राज्य निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव में जो नए प्रयोग किए उनका इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में भी करने का निर्णय लिया है। वहीं कले टरों ने जो समस्याएं बताई उन्हें भी दूर किया जाएगा। छह महीने बाद ही लोकसभा के चुनाव होना है। लिहाजा राजनीतिक दलों के साथ आयोग भी 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव करवाते ही अब बड़े चुनाव की तैयारी में जुट गया है।

**मतदान केंद्रों की बढ़ेगी सं या**

इस बार इंदौर सहित प्रदेशभर में मतदान का प्रतिशत बढ़ा। अयोग ने मतदान केन्द्रों की सं या में कोई बदलाव नहीं करवाया। इंदौर में ही कई मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की सं या भी ज्यादा हो गई है, जिसके चलते चुनाव के दौरान कई केन्द्रों पर ल बी कतारें दिखीं और दो से ढाई घंटे का समय एक मतदाता को लगा, जिसके चलते कई लोग ल बी कतार देखकर बिना वोट डाले भी वापस लौट आए। लोकसभा चुनाव में केन्द्रों पर मतदाताओं की सं या कम कर केन्द्र की सं या बढ़ाई जाएगी।

# कु यात बदमाश नसीम का शॉर्ट एनकाउंटर, टी आई को दी थी जाने से मारने की धमकी

भोपाल। टी आई को जाने से मारने की धमकी देने वाले कु यात बदमाश नसीम बन्ने खां का सोमवार को शॉर्ट एनकाउंटर हो गया। क्राइम ब्रांच पुलिस को इसके मनुवा भान टेकरी पर छिपने होने की सूचना मिली थी। इसके बाद जब क्राइम ब्रांच ने इसे एक टीम बनाकर गिर तार करने पहुंचीं तो नसीम से न सिर्फ वहां से भागने की कोशिश की बल्कि पुलिस पर फायरिंग भी कर दी। तभी जवाब में पुलिस ने उसका शॉर्ट एनकाउंटर कर दिया। आरोपी को पैर में गोली लगी है। फिलहाल उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका ईलाज किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस पूरी घटना में एक पुलिस कर्मी भी घायल हो



गया है। डीसीपी क्राइम श्रुत्कीर्ति सोमवंशी, डीसीपी जोन 3 रियाज इकबाल सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

**कई मामले दर्ज**

बता दें, नसीम वही आरोपी है जिसने पिछले दिनों थाना तलैया क्षेत्र में टेंट व्यवसाय से रंगदारी की थी और फायरिंग भी की थी और इसी ने वीडियो बनाकर सीहोर जिले में दोहरा ठाणे के प्रभारी को भी जान से मारने की धमकी भी दी थी। आरोपी नसीम गोली कांड सहित आधा दर्जन अपराधों में फरार चल रहा था। तभी से सीहोर जिले की क्राइम ब्रांच, थाना दोहरा पुलिस और भोपाल की तलैया पुलिस को आरोपी की तलाश थी।

# महाकाल की खुदाई में निकला एक हजार साल पुराना मंदिर

उज्जैन। उज्जैन में महाकाल परिसर को संवारा जा रहा है। इसके लिए महाकालेश्वर मंदिर परिसर में स्मार्ट सिटी के तत्वावधान में काम चल रहा है। स्मार्ट सिटी द्वारा की जा रही खुदाई के दौरान यहां एक और मंदिर निकला था। यह प्राचीन मंदिर परमारकालीन बताया गया। पुरातत्वविदों ने इसे करीब एक हजार वर्ष पुराना मंदिर बताया था।

**खुदाई के दौरान यहां एक और मंदिर निकला**

उज्जैन में महाकाल परिसर को संवारा जा रहा है। इसके लिए महाकालेश्वर मंदिर परिसर में स्मार्ट सिटी के तत्वावधान में काम चल रहा है। स्मार्ट सिटी द्वारा की जा रही खुदाई के दौरान यहां एक और मंदिर निकला था। यह प्राचीन मंदिर परमारकालीन बताया गया। पुरातत्वविदों ने इसे करीब एक हजार वर्ष पुराना मंदिर




बताया था।

खुदाई में निकले परमारकालीन मंदिर को दोबारा संवारने की बात कही गई थी पर यह काम अब तक अधूरा है। दो साल पहले निकले मंदिर को संवारने का काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है। मंदिर के साथ कुछ अन्य प्राचीन वस्तुएं भी निकलीं थीं

महाकाल मंदिर परिसर में खुदाई के दौरान एक हजार वर्ष प्राचीन परमारकालीन मंदिर निकला जिसको अभी तक संवारा नहीं गया।

महाकालेश्वर मंदिर परिसर में स्मार्ट सिटी द्वारा की जा रही खुदाई के दौरान निकले इस मंदिर के प्रति शहरवासियों सहित अन्य पर्यटकों ने भी काफी रुचि दिखाई थी। संत– महामंडलेश्वरों ने इसे पुरातात्विक विभाग को जल्द संवारने को कहा था, लेकिन यह काम अब तक अधूरा है।

सती माता मंदिर के नीचे की तरफ स्मार्ट सिटी द्वारा खुदाई की जा रही थी। 16 फरवरी 2022 को बड़े-बड़े पत्थरों से जेसीबी का पंजा टकराया तो तुरंत खुदाई रुकवाई। वहां मंदिर के अवशेष नजर आए। तब डॉ. वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान भोपाल द्वारा खुदाई में निकले इस मंदिर की जांच की गई थी।

**खुदाई में शिवलिंग भी निकला था**

महाकाल मंदिर में खुदाई के दौरान प्राचीन मंदिर के साथ अन्य अहम वस्तुएं भी मिलीं थीं। इतना ही नहीं, यहां खुदाई में 9वीं सदी का विशाल शिवलिंग और विष्णुजी की मूर्ति भी प्राप्त हुई थी।

खुदाई में निकले इस मंदिर का निर्माण और संवारने का काम शुरु किया गया लेकिन बाद में इसे रोक दिया गया। दरअसल महाकाल मंदिर में जो अन्य निर्माण कार्य चल रहे थे, उनको जल्द से जल्द पूरा करने के लिए इस मंदिर का कार्य रुक गया। इस प्राचीन मंदिर को अब जीएसआई द्वारा पुरातत्व की धरोहर मानकर संवारने का प्रयास किया जा रहा है।

इस मामले में महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में निकले प्राचीन मंदिर की जीएसआई द्वारा देखरेख की जा रही हे। इसके नवनिर्माण के लिए वर्क ऑर्डर हो गया है। जल्द ही इसे मूर्तरूप देकर संवारा जाएगा।

# रिटायर्ड जज के सर्वेंट क्वार्टर में महिला की लाश फांसी पर लटकी मिली

भोपाल । मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में एक रिटायर्ड जज के सर्वेंट क्वार्टर में 35 वर्षीय महिला की लाश मिली है। डेड बॉडी फांसी पर लटकी हुई थी। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। महिला का पति बंगले पर खाना बनाने का काम करता है।

कटारा हिल्स पुलिस ने बताया कि महिला का नाम सविता गोस्वामी उम्र 35 वर्ष है। उसका पति रामविलास गोस्वामी ग्राम सिमरिया जिला सागर का रहने वाला है। कटारा हिल्स में रिटायर्ड जज श्री राजेंद्र सिंह बघेल के बंगले पर खाना बनाने का काम करता है। अपने पूरे परिवार के साथ सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। बेटा कक्षा 8 में पड़ता है। घटना के समय रामविलास बगसेविया गया हुआ था। बेटा भी घर से बाहर था। सविता घर में अकेली थी। जब बेटा वापस लौटा दो सविता की डेड बॉडी को फांसी पर लटका हुआ देखा। उसी ने इस घटना के बारे में सबको बताया।

पुलिस का कहना है कि, सविता भी पहले घर के काम किया करती थी, लेकिन कुछ दिनों से उसने कॉलोनी में दूसरों के घर काम करना बंद कर दिया था। वह अे सर घर में रहती थी। उसका स्वभाव चिड़चिड़ा हो गया था और शायद डिप्रेशन में थी। पुलिस का मानना है कि सविता ने सुसाइड किया होगा। इन्वेस्टिगेशन शुरू कर दी है। डिप्रेशन के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# मंडला की सड़के कितनी सुरक्षित, सड़कों पर बाइक से फर्राटे भर रहे नाबालिक

मंडला यशोः- जिला मु यालय की सड़कों में बाइक हुए फरटि भरते स्कूली-छात्र- छात्राएं नागरिकों के लिए खतरे का सबब बने हुए हैं। चिंता का विषय यह है कि इनके वयस्क होने के पूर्व ही इन्हे अभिभावकों द्वारा स्कूल आने-जाने के लिए बाइक थमा दी गयीं हैं। निजी व शासकीय विद्यालयों में ऐसे विद्यार्थियों की खासी तादाद है जो हर दिन बाइक से आना- जाना करते हैं।

**सुबह से ही भरने लगते हैं फर्राटे**

बाइक चालक अब तक कई राहगीरों को घायल कर चुके हैं। अधिकतर मामलों में नागरिक इन्हे चलाते बच्चा समझकर माफ कर देते हैं, ऐसे में मामले थाने तक नही पहुंच पा रहे हैं। करीब 2-3 साल पहले नगर का यातायात महकमा इस दिशा में गंभीर दिखाई दिया था और स्कूलों में जाकर बच्चों को समझाईश देते हुए प्रबंधनों से कहा गया था कि वे ऐसे छात्रों के बाइक से स्कूल आने पर प्रतिबंध लगायें जिनके पास परिवहन विभाग द्वारा प्रदत्त ड्रायविंग लायसेंस नही है।

सुबह के वक्त कोचिंग जाने वाले छात्र-छात्राओं से लेकर स्कूल आने-जाने वाले अनगिनत विद्यार्थी बाइक में बैठकर फरटि भरते हुए नजर आते हैं। इतना ही नही एक बाइक में 3-3, 4-4 विद्यार्थी सवार होकर मु य चौराहों से गुजर जाते हैं, पर इन्हें रोकने वाला कोई नही है। अनेक अवसर ऐसे आये जब ये नाबालिक बाइक सवार हादसों की वजह बने। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले कई नाबालिग भी बाइक में सवार नजर आते हैं। न तो इनके पास हेलमेट होता है और न ही ड्रायविंग लायसेंस। अभिभावकों द्वारा दिए जा रहे बढ़ावे के कारण ये बाइक का हैंडल छोड़ने तैयार नहीं है।

# वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पात्रतानुसार लाभ दिलाएं - डॉ. सिडाना

**समय-सीमा की बैठक में कले टर के निर्देश**

मंडला यशोः- समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई है। इस दौरान विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें पात्रतानुसार लाभ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई बैठक में अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, समस्त एसडीएम तथा सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।



**सभी विभागों की सहभागिता आवश्यक**

कले टर ने निर्देशित किया कि भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन राज्य सरकार की सहभागिता से किया जाता है अतः विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विभागों की सहभागिता आवश्यक है। यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें पात्रतानुसार लाभ दिलाने की पहल करें। साथ ही नागरिकों को उपलब्ध लाभ तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करें। कले टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूटचार्ट, पोर्टल एंट्री आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

**टीएल प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक निराकृत करें**

टीएल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी इन प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में गंभीरतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को भी प्राथमिकता प्रदान करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत नहीं करने तथा नि न गुणवत्ता वाला जवाब अंकित करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि शासकीय जमीनों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। मध्यान्ह भोजन का उठाव समय पर पूर्ण करें। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान दें।

**उपार्जन पर रखें गुणवत्ता का ध्यान**

उपार्जन की समीक्षा करते हुए कले टर ने निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी, उपसंचालक कृषि, जिला आपूर्ति अधिकारी, डीएम नान, एसडीएम एवं तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपार्जन केन्द्रों की सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि उपार्जन में धान की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कले टर ने उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध सुविधा, बारदानों की उपलब्धता, परिवहन आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

**मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाएं**

बैठक में कले टर ने 20 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण के दौरान सभी गतिविधियां निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। आवश्यकतानुसार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण प्रस्तावित करें। लंबित फॉर्म-6, 7 एवं 8 का निराकरण करें। बीएलओ की बैठक लेकर उन्हेंक पुनरीक्षण के संबंध में विस्तार से अवगत कराएं। कले टर ने कहा कि पुनरीक्षण के दौरान नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत तथा बाहर जा चुके मतदाताओं के नाम काटने तथा आवश्यकतानुसार मतदाता सूची में संशोधन की कार्यवाही करते हुए सूची को त्रुटिरहित बनाएं।

# नेशनल लोक अदालत स पन्न

मंडला यशोः- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 9 दिस बर 2023 को स पूर्ण देश में नेशनल लोक आदालत आयोजित की गई, इसी तारत य में जिला मण्डला में जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री एस0के0 जोशी के निर्देशन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री डी0आर0 कुमरे के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रकार के राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण विद्युत प्रकरण, मोटर दुर्घटना, भरण-पोषण, चैक बाउन्स, श्रम, राजस्व (जिला न्यायालय एवं मान0 उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण) पारिवारिक वैवाहिक मामले न्यायालय के प्रकरणों के साथ-साथ, बैंक, नगरपालिका, विद्युत एवं बी0एस0एन0एल0 के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया।



जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री डी0आर0 कुमरे ने बताया कि नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय मण्डला एवं तहसील न्यायालय नैनपुर/निवास/बिछिया में भी उक्त नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई है जिसमें सभी समझौते योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु 18 खंडपीठें का गठन किया गया है। जिसमें आपसी सुलह के आधार पर राजीनामा किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार की नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में बैंक के 2422 प्रकरणों में से 58 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 2107906 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई, विद्युत विभाग के 614 प्रकरणों में से 88 प्रकरण निराकृत हुये जिसमे 460753 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई,

न्यायालय के पेंडिंग केसेस में समझौता योग्य आपराधिक प्रकरणों के 202 में से 128 निराकृत। 138 एन0आई0ऐ ट के 81 प्रकरणों में से 37 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 5691949 राशि का अवार्ड पारित किया गया, एम0ए0सी0टी0 के 251 प्रकरणों में से 42 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 10432000 राशि का अवार्ड पारित किया गया, पारिवारिक विवाद के 20 प्रकरणों में से 14 प्रकरण निराकृत हुये। अन्य सिविल प्रकृति के 36 प्रकरणों में से 13 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार न्यायालय के पेंडिंग केसेस कुल 663 प्रकरणों में से 285 प्रकरण निराकृत किये गये तथा 17546700 रूपये राशि का धनादेश पारित किया गया। इस लोक अदालत से कुल 601 लोग लाभांवित हुये।

इस लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सचिव महोदय श्री डी0आर0 कुमरे द्वारा सभी न्यायाधीशगणों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों व मीडियाकर्मी के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया भव्य स्वागत

## दी गई योजनाओं की जानकारी, हितग्राहियों ने साझा किए अनुभव

मंडला यशोः- 11 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा नैनपुर विकासखंड की कामता, टाटरी एवं बारगी, नारायणगंज विकासखंड के पटेहरा, देवहार एवं ख हरिया तथा मवई विकासखंड के भिमौरी, हर्राटोला एवं बांदरवाड़ी पंचायत पहुंची, जहां पर ग्रामीणजनों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा ग्रामीणजनों को आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका, प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान स मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, बीमा सुरक्षा, अटल पेंशन, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वास्थ्य कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र आदि कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया। कार्यक्रम में आईईसी वेन के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश दिखाया गया तथा संकल्प वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



आज 8 पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का राज्य सरकार की सहभागिता से क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उसे लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। 12 दिसंबर को यह यात्रा नैनपुर विकासखंड के ग्राम सुरखी, भड़िया एवं तिलई, मवई विकासखंड के मनौरी, भीमडोंगरी एवं इंद्री तथा नारायणगंज विकासखंड के घोंटखेड़ा एवं मानेगांव पंचायत पहुंचेगी। यात्रा के सफल आयोजन के लिए पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

# माध्यमिक शिक्षक निलंबित

मंडला यशोः-नाबालिक छात्रा से छेड़खानी एवं अभद्र व्यवहार करने पर कले टर द्वारा श्रीराम अहिरवार माध्यमिक शिक्षक एकीकृत माध्यमिक शाला मांगावेली विकासखंड बिछिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मु यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय निवास नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# वाहन स्टेण्ड हेतु निविदा आमंत्रित

मंडला यशोः- कले टर कार्यालय मण्डला परिसर के वाहन स्टेण्ड का ठेका हेतु निविदा 29 दिस बर 2023 को दोपहर 2 बजे तक आमंत्रित की गई है। सीलबंद निविदाएं उसी दिन उपरान्ह 3 बजे खोली जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी सदर नाजिर शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

# कले टर ने की हालोन जलप्रदाय योजना की समीक्षा

मंडला यशोः- हालोन जलप्रदाय योजना की समीक्षा करते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि योजना के तहत किए जा रहे कार्यों में गति लाएं। निर्माण कार्य में सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। इंटेक वेल तथा जलशोधन संयत्र निर्माण कार्य के लिए अतिरिक्त मजदूर लगाएं। पाईपलाईन बिछाने का कार्य भी साथ-साथ करें। उन्होंने टंकियों के निर्माण कार्य की गति अत्यधिक



कमजोर होने पर नाराजगी व्यक्त की। कले टर ने घरेलू नल कने शन, भूमि आवंटन, अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि के संबंध में भी विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डीडीएम नाबार्ड देवव्रत पाल, ईईपीएचई मनोज भास्कर, महाप्रबंधक जल निगम शाहिद खान, उपप्रबंधक प्रेरित पटले सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# होमटेक राशन परिवहन हेतु ई-निविदा आमंत्रित

मंडला यशोः- महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा होमटेक राशन के परिवहन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई है। विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट अथवा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मंडला से प्राप्त की जा सकती है।

# घुघरी में जिला स्तरीय कब्बड़ी चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## मु य अतिथि बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा के उपस्थिति में हुआ संपन्न

मंडला यशोः- विगत दिवस सी एम राइस विद्यालय के खेल प्रांगण श्री सिद्ध नगर स्टेडियम में जनजाति कार्य विभाग मंडला के 17 वर्ष बालक /बालिका वर्ग की जिला स्तरीय कब्बड़ी चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम के उदघाटन समारोह के मु य अतिथि बिछिया विधायक माननीय नारायण सिंह पट्टा, गुलबहार खान स्पोर्ट ऑफिसर आर डी कॉलेज मंडला, विवेक जायसवाल बहनी कॉलेज मंडला,विकास खंड शिक्षा अधिकारी एल एस उइके, प्राचार्य सी एम राइस आर के बिसेन की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें जिले के मंडला, नैनपुर, बीजाडांडी, बिछिया, मोहगांव, मवई विकासखंडें के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिनका चयन उत्कृष्ट प्रदर्शन के अनुसार किया गया जो की क्षेत्रीय कब्बडी प्रीतियोगित डिंडोरी में दिनांक 12/12/2023 को मंडला जिले का प्रतिनिधित्व करेगी, उक्त प्रतियोगिता में आए हुए अतिथियों को मंगल सिंह प्रतियोगिता प्रभारी और प्राचार्य सी एम राइस द्वारा प्रतियोगिता में आए हुए अतिथियों को स्मृती स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए उक्त प्रतियोगिता का आयोजन सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मंडला के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता का संचालन मंगल सिंह पंद्रो, डी एस ठाकुर, नवीन चौरसिया, अवध पटेल, लीला पंद्रो, अशोक वरकड़े, दिनेश वरकडे, के भास्करराव, महेश मरावी, अशोक भलावी कृषि विस्तार अधिकारी, शाशांक मिश्रा युवा समन्वयक खेल युवा कल्याण विभाग, सुश्री रामवती परते, शिवम बाबा पी टी आई उमरिया, जगत मरकाम पी टी आई सी एम राइस स्कुल, सुश्री रितु परते पी टी आई एकालव्य, ब्लाक कांग्रेस कमेटी घुघरी अध्यक्ष अरविंद कुशराम, अरविंद झारिया, उपेन्द्र मरकाम, राजकुमार कश्यप, आदित्य परते, सत्यम यादव, राजकुमार धुर्वे, कमल मरावी की प्रतियोगिता को सफल करने में विशेष भूमिका रही। चयनित खिलाड़ियों के नाम संगीता उइके, हिमांशी कु हरे,गायत्री मार्को बीजाडांडी, संजना उइके, साधना उइके, उर्मिला मरकाम नैनपुर, रानी पड़वार, अमीषा धुर्वे सिंगारपुर, आस्था धुर्वे पिंडरई, हंसवती सिरसाम पाटासिहोरा, चयनित लडकों के नाम अंकित परते, सतीश मरकाम रामदेवरी, प्रदीप कुलस्ते सी एम राइस घुघरी, मनीष वरकड़े घुघरी, शिवम मरावी दीपक, मरावी सालीवाडा, आदर्श ताराम श्याम भवेदी मंडला, नीतेश मसराम मोहगांव, आशीष कोकड़िया पाटासिहोरा, सुरेंद्र आर्मो, सुमित उइके पिंडरई इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है।



# सुरक्षित मातृत्व दिवस पर 569 गर्भवती की जांच की गई

मंडला यशोः- जिले में प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कवरेज को बढावा देने, हाईरि स महिलाओं की पहचान कर जांच एवं निदान परामर्श सेवाओ के कवरेज सुधार की दृष्टि से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के तहत सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जिला अस्पतालों में गर्भवती माताओं की जांच कर मॉ एवं शिशु की सुरक्षा हेतु टीके लगाए गए। इस दौरान 569 गर्भवती माताओं तथा 43 हाईरिस्क माताओं की जांच की गई तथा हड्डियों को मजबूत करने के लिए केल्शियम की गोली, खून बढाने के लिए आयरन फोलिक एसिड की दी गई।

इस संबंध में मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 के.सी. सरोते ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व दिवस पर हीमोग्लोबिन, एचआईव्ही, सिफलिस, सिकिल सेल, यूरिन और शुगर, प्रोटीन की जांच की गई। सामान्य जांच पेट की जांच, ब्लड प्रेशर, वजन साथ ही गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए संस्थाडओं में प्रसव कराने हेतु प्रेरित किया गया तथा आहार, आराम, व्यायाम करने का परामर्श दिया गया। इस दौरान 108 निःशुल्क सेवा बच्चे एवं मां के लिए घर से लाने एवं संस्था तक पहुचाना इसकी जानकारी दी गई एवं इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# उद्योग, सर्विस, व्यवसाय हेतु 50 लाख तक का मिलेगा ऋण

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश शासन की महात्वाकांक्षी योजना मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में जिले के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना में विनिर्माण हेतु 1 लाख से 50 लाख तक सेवा तथा खुदरा व्यवसाय हेतु 1 लाख से 25 लाख तक का ऋण प्रकरणों का आवेदन समस्त पोर्टल से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। इस संबंध में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि आवेदक को 8 वी कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपए से कम होनी चाहिए। आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, आधार कार्ड, कोटेशन प्रोजे ट रिपोर्ट आवश्यक लायसेन्स व अन्य दस्तावेज आवश्यक हैं।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297